## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग की टीम तैयार, रक्तदान शिविर होंगे आयोजित

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गुरूवार 18 सितंबर को बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम के दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने तथा कार्यक्रम स्थल पर एक विशाल महिला स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान और दिव्यांग शिविर का आयोजन किये जाने हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टर्स और अन्य कर्मचारियों की 5 टीमों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार हेलीपैड के साथ-साथ मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर प्रस्थान तक उनकी सुरक्षा टीम में डॉ. अमित प्यासी (मेडिकल विशेषज्ञ) डॉ. आशीष पांडे सहित नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार महिला स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की जिम्मेदारी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा द्विवेदी, डॉ. रश्मिका और नर्सिंग ऑफिसर प्रिया रामटेके को दी गई है। वहीं बच्चों के लिए जाँच शिविर के लिए शिशु रोग चिकित्सक डॉ. पूजा हिंदुजा की ड्यूटी लगाई गई है। दिव्यांग शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक चौरसिया, मनोरोग चिकित्सक डॉ. संदीप निगम और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राममणी पटेल दिव्यांगों के स्वास्थ्य की जाँच करेंगे। जिला दिव्यांग बोर्ड के मयंक मिश्रा भी इस टीम का हिस्सा होंगे। कार्यक्रम स्थल में लैब टेक्नीशियन एवं नर्सिंग ऑफीसर की टीम रक्तदान शिविर का संचालन करेगी।

### त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक 20 को

**कटनी।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में शनिवार 20 सितंबर को दोपहर 12 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक के दौरान नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, गुरूनानक जयंती एवं क्रिसमस जैसे पर्व और त्योहारों के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु चर्चा की जाएगी। बैठक में शांति समिति के सदस्यों सहित संबंधित अधिकारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई, गर्भवतियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**कटनी।** 8वे राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 16 अक्टूबर तक किया जायेगा । इस वर्ष पोषण माह अंतर्गत की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों का आयोजन मुख्यतः मोटापा कम करने हेतु दैनिक आहार में शक्कर, नमक एवं तेल के उपयोग को कम करना, स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु आधारभूत सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता, प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, पोषण भी-पढ़ाई भी, अभिसरण कार्ययोजना एवं डिजिटाईजेशन, शिशु एवं बाल आहार पूर्ति व्यवहार, पोषण में पुरूषों की भागीदारी को बढ़ाने की थीम पर किया जायेगा ।

### 106.18 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और 127.64 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे

# आज आएंगे मुख्यमंत्री, 233 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की देंगे सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 सितम्बर को बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में 233.82 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 106.18 करोड़ रुपये के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और 127.64 करोड़ रुपये के 14 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को विकासखंड बड़वारा में 35.5 करोड़ रूपये की लागत से बने बड़वारा सांदीपनि विद्यालय के मुख्य भवन, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र मझगवां, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र निपनिया, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र बहिरहटा खिरहनी, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र बिचपुरा का लोकार्पण करेंगे।

इसी प्रकार विकासखंड रीठी में 33.66 करोड़ रूपये से बने रीठी सांदीपनि विद्यालय एवं 3.06 करोड़ के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 नग जी-टाईप एवं 01 नग एच-टाईप आवासगृह निटर्रा का लोकार्पण करेंगे। वहीं विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत 7.95 करोड़ के संयुक्त तहसील कार्यालय का भवन स्लीमनाबाद एवं 3.06 करोड़ के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 नग जी-टाईप एवं 01 नग एच-टाईप आवासगृह कुआं का लोकार्पण करेंगे।

#### इन कार्यों का होगा लोकार्पण

इसे अलावा विकासखंड कटनी में 6.4 करोड़ की लागत से बने संयुक्त तहसील कार्यालय भवन कटनी, 1.59 करोड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरीहटाई, 2.65 करोड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडेरा मय 1जी, 1एच टाइप आवासीय भवन, 1.31 करोड़ की केवलारी नल जीवन मिशन, 0.55 करोड़ की सुरखी नल जीवन मिशन, 0.735 करोड़ की जल जीवन मिशन खिरहनी, 0.918 करोड़ की झलवारा जल जीवन मिशन, 3.57 करोड़ की म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी का नवीन भवन एवं लाइब्रेरी भवन एवं विकासखंड ढीमरखेड़ा में 2.02 करोड़ की लागत से बने 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कछारगांव एवं 0.6 करोड़ की मल्टीपरपज सेंटर कोठी का भी लोकार्पण करेंगे।

#### इन कार्यों का होगा भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अमृत 2.0 योजनांतर्गत 37.58 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्ट कटनी और 52.54 करोड़ के वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट कटनी का भूमिपूजन करेंगे।

इसी प्रकार विकासखंड विजयराघवगढ़ में 2.48 करोड़ के इटौरा बगइचा टोला मार्ग, 1.39 करोड़ के मोहास नं-1 में हाई स्कूल भवन का निर्माण, 1.39 करोड़ के बुजबुजा में हाई स्कूल भवन का निर्माण, विकासखंड बहोरीबंद में 2.08 करोड़ के बाकल मुख्य मार्ग के पेट्रोल पंप से पुरानी बाजार तक सीमेंट कांक्रीट मार्ग, 2.31 करोड़ के बड़ी डुंगरिया मार्ग से छोटी डुंगरिया मार्ग, 3.45 करोड़ के मवई सल्हना कमनिया गेट से सल्हना मार्ग, 1.57 करोड़ के खमतरा से सिहुड़ी मार्ग तक मार्ग निर्माण एवं 3.16 करोड़ के वीरांगना रानी दुर्गावती डिग्री कॉलेज बहोरीबंद में 10 अतिरिक्त क्लास रूम के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।

इसके अलावा विकासखंड बड़वारा में 5.3 करोड़ के सारंगपुर से कटरा मार्ग निर्माण, विकासखंड ढीमरखेड़ा में 5.26 करोड़ के जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा भवन निर्माण, विकासखंड कटनी में 2.97 करोड़ के शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में ऑनलाईन परीक्षा हेतु 200 छात्रों की बैठक क्षमता के लिए कम्प्यूटर लैब भवन का निर्माण कार्य एवं 6.16 करोड़ के कटनी में 100 सीटर श्रमिक विश्राम गृह का निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन करेंगे।



## कलेक्टर एवं एसपी ने भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल की देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गुरूवार 18 सितंबर को विकासखंड बड़वारा आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा बुधवार की शाम यहां बड़वारा पहुंचकर कार्यक्रम स्थल पर मंच, सेवा पखवाड़ा प्रदर्शनी स्थल और सांदीपनि विद्यालय के कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थायें चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री तिवारी ने हेलीपैड पहुंचकर भी व्यवस्थाओं से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत लगने वाली विभागों की वृहद प्रदर्शनी में सभी अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हेलीपैड से सभास्थल, सांदीपनि विद्यालय पहुंचने तक के मार्ग का भी निरीक्षण कर चाक-चौबंद व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ज्योति सिंह मौजूद रहे।

## स्लीमनाबाद संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद तहसील का नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण हाईटेक तरीके से हुआ है।नवीन तहसील कार्यालय भवन का निर्माण 7 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत राशि से हुआ जिसका गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गईं है। बुधवार को एसडीएम राकेश चौरसिया व तहसीलदार सारिका रावत ने नवीन तहसील भवन का निरीक्षण किया ओर लोकार्पण कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने आदेशित किया।

स्लीमनाबाद नवीन तहसील भवन का निर्माण कार्य हाईटेक तरीके से हुआ जिसमे एक ही परिसर में अब लोगो को सारी सुविधाएं मिलेंगी। एक ही परिसर मैं सारे काम होंगे। नवीन भवन इंटरनेट गतिविधियों से लैस है। नवीन भवन मैं तहसीलदार कोर्ट व तहसीलदार कार्यालय,नायब तहसीलदार कोर्ट ,बैठक कक्ष, वकीलों के लिए बैठक कक्ष सहित अन्य जरूरी सुविधाओं हेतु कक्ष निर्मित किये गये है। स्लीमनाबाद नवीन तहसील भवन का भूमिपूजन पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया था।

विधायक प्रणय पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा गुरुवार को बड़वारा कार्यक्रम से बहोरीबंद विधानसभा के 47 करोड़ 73 लाख रूपये की लागत राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे जिसमें स्लीमनाबाद मे संयुक्त तहसील कार्यालय भवन निर्माण का लोकार्पण 7 करोड़ 95 लाख रूपये, रीठी मे सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 33 करोड़, कुआँ मे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मय आवास ग्रहों इत्यादि भवनो का निर्माण 3 करोड़ व निटर्रा मे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मय आवास ग्रहों इत्यादि का निर्माण 3 करोड़ से हुआ है !जिसका वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे।

वहीं भखरवारा से पौड़ी मार्ग का निर्माण 2 करोड़ 31 लाख रूपये, बड़ी डुंगरियां से छोटी डुंगरियां मार्ग निर्माण 2 करोड़ 31लाख रूपये, मवई सलहना कमनिया गेट से सल्हना मार्ग निर्माण 3 करोड़ 26 लाख रूपये, खमतरा से सिहुडी मोड़ तक निर्माण 1 करोड़ 44 लाख रूपये ओर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद मे 10 अतिरिक्त क्लास रूम निर्माण कार्य 3 करोड़ 16 लाख रूपये की लागत राशि के विकास कार्यों भूमिपूजन मुख्यमंत्री करेंगे।

## ओजोन परत संरक्षण दिवस पर महाविद्यालय में आयोजन



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया! जिसे विश्व ओजोन दिवस के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने की। इस वर्ष का थीम, फ्राम साइंस टू ग्लोबल एक्शन पर चर्चा करते हुए उन्होंने ओजोन के महत्व पर प्रकाश डाला और आने वाली पीढ़ी के लिए ओजोन को बचाने की बात कही। कहा की ओजोन पृथ्वी की सुरक्षात्मक परत है, जो ग्रह को हानिकारक पराबैगनी विकिरण से बचाती है ओर जीवन को पनपने देती है। ओजोन परत सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने से रोकती है।पृथ्वी को बचाने के लिए ओजोन परत बेहद जरूरी होती है। जीवन के लिए ओजोन हमें याद दिलाता है कि ओज़ोन न केवल पृथ्वी पर जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए ओज़ोन परत की रक्षा करते रहना चाहिए। इसको लेकर लोगों मे जागरूकता लाने के लिए हर साल 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है।

## सामाजिक न्याय एवं भाईचारा सम्मेलन मे शामिल होंगे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद -ओबीसी -एसटी -एससी संयुक्त मोर्चा एवं ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान मे 18 सितंबर 2025 दिन गुरुवार को अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी बस स्टेंड के पास एक विशाल सामाजिक न्याय एवं भाईचारा सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। यह सम्मेलन 1857 की क्रांति की प्रेणता अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई जयंती पखवाडा तथा गोंडवाना साम्राज्य शिरोमणि अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुमार रघुनाथ शाह बलिदान दिवस को समर्पित रहेगा।

उक्त कार्यक्रम मे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होंगे।

कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पूर्व विधायक व कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह ने बहोरीबंद पहुंचकर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। सौरभ सिंह ने आयोजन समिति के प्रमुख राकेश पटेल तथा अन्य पदाधिकारियों से चर्चा कर आयोजन स्थल पर लोगों के बैठने तथा पेयजल व्यवस्था बनाए रखने सहित समुचित व्यवस्था बनाए रखने की बात कही।वहीं दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया भी पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के मद्देनजर आयोजन स्थल पर व्यवस्था बनाए रखने के पर विशेष जोर दिया। ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को 2 बजे बहोरीबंद आएंगे।

## कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की लगी ड्यूटी

*कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जारी किये गए हैं निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गुरूवार 18 सितंबर को प्रस्तावित बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने कार्यों को समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें।

जारी आदेश के अनुसार उपखंड मजिस्ट्रेट ढीमरखेड़ा श्रीमती निधि गोहल और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बड़वारा ऋषि गौतम को वी.आई.पी. प्रवेश द्वार पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र कुमार पटेल और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी राजेंद्र श्रीवास्तव विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों और प्रदर्शनी स्थलों पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बिलहरी इसरार खान को हेलीपैड स्थल पर कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उपखंड मजिस्ट्रेट कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी आशीष अग्रवाल मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर प्रस्थान तक पूरे कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था संभालेंगे। इसी प्रकार उपखंड मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ विवेक कुमार गुप्ता और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी डॉ. अवंतिका तिवारी मंच पर शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। वहीं उपखंड मजिस्ट्रेट राकेश चौरसिया और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अतुलेश सिंह हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक के पूरे भ्रमण मार्ग पर शांति और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जबकि कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संतोष श्रीवास्तव सर्किट हाउस में कानून व्यवस्था संभालेंगे।

कार्यक्रम स्थल में आम जनमानस के प्रवेश द्वार पर व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी अजीत तिवारी को दी गई है। महिला दीर्घा में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बड़वारा अनुराधा सिंह और अधीक्षक भू-अभिलेख कटनी श्रीमती अमृता गर्ग एवं पुरुष दीर्घा में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सिलौंड़ी नरेंद्र खरे और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रीठी संदीप सिंह शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

विशिष्ट अतिथि और मीडिया दीर्घा की जिम्मेदारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ आशीष चतुर्वेदी तथा मंच पर ग्रीन/सेफ हाउस की व्यवस्था डिप्टी कलेक्टर श्रीमती विंकी उईके और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बरही आदित्यप्रकाश द्विवेदी देखेंगे। इसके अलावा वी.आई.पी. पार्किंग स्थल पर विवेक मूले को कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। रेस्ट हाउस बड़वारा में हर्षवर्धन रामटेके कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। पार्किंग स्थल पर व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बहोरीबंद आकाशदीप नामदेव को दी

### 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान का किया गया शुभारंभ

# जिला चिकित्सालय में 125 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को धार जिले के भैंसोला में आयोजित कार्यक्रम से स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार, आठवां राष्ट्रीय पोषण माह एवं आदि सेवा पर्व, सिकल सेल एनीमिया परीक्षण शिविर और स्वच्छता सेवा पखवाड़ा सहित पीएम मित्र पार्क का भी शुभारंभ किया। इस दौरान जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को लोगों ने वर्चुअली देखा और सुना।

जिला चिकित्सालय में खजुराहो सांसद वीडी शर्मा के मुख्य आतिथ्य और विजयराघवगढ़ के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक और पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, रामरतन पायल, सुरेश सोनी, सुनील उपाध्याय और मृदुल द्विवेदी एवं पीतांबर टोपनानी मौजूद रहे।

सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बहन-बेटियों और मातृ शक्ति के स्वास्थ्य के नजरिये से 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि जिले भर में 190 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में सभी की निःशुल्क जांच की जायेगी और निःशुल्क दवा भी प्रदान की जायेगी। सांसद ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर कटनी को स्वच्छ बनाने और हरा-भरा कटनी बनाने का संकल्प लेने का आव्हान करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री दीर्घायु हों। ताकि गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना शुरू की जिसमें 5 लाख रूपये तक का ईलाज निःशुल्क किया जाता है।

कार्यक्रम में आई.डी.बी.आई. बैंक के प्रतिनिधि ने जिला चिकित्सालय को प्रसव पूर्व बच्चे के स्वास्थ्य की जांच के लिए अत्यंत उपयोगी उपकरण सीटीजी फेटल मॉनीटर, पेशेंट स्ट्रेचर व ओटी लाइट भेंट की। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के दौरान आयुष्मान कार्डधारी, मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार से लाभान्वित बच्चों को चेक का वितरण किया गया। साथ ही टीबी रोगियों को फूड बास्केट, कुष्ठरोगियों को एमबी किट, दिव्यांगों को विकलांगता प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए।

सांसद श्री शर्मा ने आठवां राष्ट्रीय पोषण माह के तहत यहां लगाई गई पोषण आहार व पोषण मटका प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सांसद श्री शर्मा ने प्रदर्शनी में कोदो और कुटकी से बने व्यंजनों का स्वाद लिया और जमकर सराहा। इसके पूर्व सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के उद्देश्य एवं जिले में होने वाली गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1260 रोगियों का निःशुल्क पंजीयन, 158 सोनोग्राफी, 124 एक्सरे, 30 सीटी स्कैन प्रयोगशाला जांच, निदान एवं उपचार सेवायें उपलब्ध करायें गईं। जबकि रक्तदान शिविर में 125 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। इसके अलावा सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ और बरही अस्पताल में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जनजागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकासखंड मे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम से सेवा पखवाडा अभियान का आगाज हुआ। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद मे आयोजित हुआ। सेवा पखवाडा अभियान पर विस्तृत जानकारी एसडीएम राकेश चौरसिया ने दी। एसडीएम ने कहा कि सेवा पखवाडा अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। जहाँ प्रतिदिन अलग अलग विभागो के द्वारा गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी जिसमें स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा गतिविधि आयोजित की जाएगी। वहीं दीनदयाल अंत्योदय समिति अध्यक्ष सुनील जयरत्नम ने कहा कि नारी स्वस्थ रहेगी तों उसका परिवार सशक्त होगा। इसलिए नारी स्वस्थ रहे इसके लिए जो पोष्टीक आहार सेवन महिलाओं को करना चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के अमले को ग्रामीण अंचलो मे जाकर महिलाओ को जागरूक करना चाहिए।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री राजेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, जनपद सदस्य प्रवीण यादव जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार, बीपीएम डॉ अरुण शुक्ला, बीसीएम डॉ राबिन गुप्ता, मेडिकल ऑफिसर डॉ अनुराग शुक्ला सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारी - कर्मचारियों की उपस्थिति रही

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की जागरूकता को लेकर जागरूकता रैली निकाली जहाँ नारों के माध्यम से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार को लेकर जागरूक किया गया। बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार ने बताया कि सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी जिसमें गर्भवती महिलाओ का विशेष परीक्षण, संचारी रोग/क्षय रोग अन्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं एनसीडी के अंतर्गत विभिन्न जाँच की जाएगी साथ ही एनीमिया ओर कुपोषण को रोकने जनजागरूकता कार्यक्रम होंगे व रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर कंट्रोल रूम की स्थापना

**कटनी।** मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को विधानसभा क्षेत्र बड़वारा में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जिला पंचायत स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की है। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने कमलेश सैनी जिला समन्वयक, (एसबीएम) जिला पंचायत को कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है जिनका मोबाइल नंबर 8770081879 है। कंट्रोल रूम में छः लोकसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिन्हें प्रातः 9 बजे से जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यक्रम समाप्ति तक श्री सैनी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हेतु संलग्न वाहनों के आगमन एवं प्रस्थान संबंधी जानकारी संकलित कर प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन हेतु मोहम्मद शहजाद डाटा एंट्री ऑपरेटर को जनपद पंचायत बड़वारा, कमल सिंह ठाकुर जिला समन्वयक (आरजीएसए) को जनपद पंचायत बहोरीबंद, धनराज चौधरी जिला समन्वयक को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, नरेश राठौर लेखापाल को जनपद पंचायत कटनी, संजय सोंधिया जिला प्रबंधक को जनपद पंचायत रीठी और पंकज नामदेव जिला कार्यक्रम प्रबंधक को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ आवंटित की गई है।

## जिपं अध्यक्ष ने की सीईओ के प्रशासकीय कार्यकाल की सराहना

**कटनी।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सुनीता रमेश मेहरा ने बुधवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत से सौजन्य भेंट की। तत्पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला सीईओ का पुष्पगुच्छ और शाल के द्वारा आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान श्रीमती मेहरा ने जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत के साथ किए गए प्रशासकीय कार्यकाल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला सीईओ ने सेवाकाल के दौरान लिए गए प्रशासकीय निर्णयों और आपसी सहयोग को साझा कर धन्यवाद और आभार जताया। आपको बता दें कि हाल में ही 15 सितंबर को राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 2018 बैच के आईएएस एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत का तबादला अपर आयुक्त के पद पर नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल किया गया है। स्थानांतरण होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सुनीता रमेश मेहरा ने जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत से शिष्टाचार मुलाकात की और भविष्य में भी आवश्यकता पड़ने पर परस्पर सहयोग से समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर निराकरण हेतु कार्य करते रहेंगे।

## फुटपाथी दुकानदारों ने किया विरोध प्रदर्शन



**कटनी।** शहर के दुर्गा चौक में फुटकर व्यापार करने बाले फल सब्जी बालों को निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा कुछ महीनों से परेशान किया जा रहा है। कार्यवाही के नाम पर दुकानदारों का तराजू, बांट, फल सब्जी जप्त कर लिया जाता है। फुटकर व्यापरियों द्वारा रोजाना बाज़ार बैठकी की पर्ची भी कटवायी जाती है बाबजूद इसके तो भी अतिक्रमण दस्ता द्वारा व्यापरियों को परेशान किया जा रहा है। सभी व्यापारी आक्रोशित होकर दुर्गा चौक पर ही बीच रोड में आकर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रहीं जिससे दोनों तरह वाहनों की लंबी कतार लग गयी। मामले की जानकारी एनकेजे पुलिस को मिली। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर भीड़ को शांत कराया। व्यापरियों का कहना है कि अतिक्रमण दल द्वारा हमेशा अवैध वसूली की जाती हैं ना देने पर परेशान किया जाता है।

### रोजाना आधा सैकड़ा से अधिक बसों का होता है आवागमन, आश्वासनों का ही झुनझुना

# स्थायी बस स्टैण्ड की बाट जोह रहा उमरियापान सुविधाओं का अभाव, यात्रियों की खासी फजीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान में स्थायी बस स्टैंड का निर्माण न हो पाने से यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि बसें कहीं भी सड़क पर खड़ी हो जाती हैं, जिससे यात्री परेशान और यातायात अवरुद्ध होता है। गर्मी के दिनों में यात्री झुलसती धूप में, बरसात में पानी और कीचड़ में खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। बस स्टैंड पर बैठने की सुविधा तक न होने से महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग खासे परेशान रहते हैं।पीने के पानी की व्यवस्था न होने से यात्री दुकानों में जाकर पानी पीते हैं। बरसात के दिनों में अस्थायी बस स्टैंड कीचड़ में तब्दील हो जाता है। खुले में बसों का संचालन न केवल अव्यवस्था फैलाता है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बढ़ा देता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई वर्षों से बस स्टैंड निर्माण की मांग उठ रही है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

### 1993 में रखी गई थी नींव, बजट आबंटन की राह में अटकी फाइलें

उमरियापान में साल 1993 में तत्कालीन एसडीओ अजीत केशरी ने बस स्टैंड की आधारशिला रखी थी। बस स्टैंड की जमीन आज भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। उमरियापान में बस स्टैंड के लिए पर्याप्त जमीन न मिलने से करीब एक किलोमीटर दूर बम्हनी में प्रशासन ने बस स्टैंड निर्माण के लिए जमीन का जायजा लेकर नपाई कराई और वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा था। साल 2016 में लोकसभा उपचुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरियापान को नगर परिषद का दर्जा देने और सुव्यवस्थित बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की थीं, तब से ग्रामीण इन सौगातों को पूरे होने की आस लगाए हैं, लेकिन आज तक यह घोषणा हकीकत में नहीं बदल सकी। जिले के तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद ने आयुक्त सह संचालक पंचायत राज संचालनालय भोपाल को पत्र लिखकर बस स्टैंड निर्माण के लिए बजट आबंटन प्रदान करने की मांग की है।

इसके पहले साल 2019 में भी जिले के तत्कालीन कलेक्टर ने तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद बस स्टैंड निर्माण हेतु 33.58 लाख रुपए का बजट आबंटित करने मांग की ,लेकिन स्वीकृति न मिलने से बस स्टैंड निर्माण नही हो सका।



### रोजाना करीब 60-70 बसों का होता है आवागमन

उमरियापान से कटनी, सिहोरा, मझगवां, जबलपुर, ढीमरखेड़ा से उमरिया तक आने जाने के लिए अस्थायी बस स्टैंड पर रोजाना करीब 60-70 बसें आती-जाती हैं। इन बसों में रोजाना हजारों यात्री आवागमन करते हैं। यहां बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से अक्सर यात्री यहाँ वहाँ खड़े रहकर बसों का इंतजार करते हैं। इन दिनों तो बस स्टैंड में गंदगी का आलम हैं। हैंडपंप के समीप और शौचालयों में गंदगी पसरी हैं। बदबू से यहाँ पर दुकान लगाने वाले दुकानदार और यात्री परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्थायी बस स्टैंड का अपना नया नहीं है।लगातार मांग और घोषणाओं के बावजूद उमरियापान का बस स्टैंड सिर्फ कागजों और आश्वासनों तक ही सीमित है।



## खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मेडिकल दुकानों में की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय को रोकने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन मप्र के औषधि नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य के निर्देश पर उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन कटनी डॉ. राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में औषधि निरीक्षकों द्वारा जिले की मेडिकल स्टोर्स की जांच कर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। औषधि निरीक्षक किरण कुमार मगरे, मनीषा धुर्वे एवं प्रवीण कुमार पटेल के जांच दल द्वारा मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। निरीक्षक दल ने बहोरीबंद में पंकज मेडिकल स्टोर्स एवं आजाद मेडिकल स्टोर्स, कुआं में ओम मेडिकल स्टोर्स एवं गुप्ता मेडिकल स्टोर्स, सिलौंडी में शिवम मेडिकल स्टोर्स, सचिन मेडिकल स्टोर्स, श्रीराम मेडिकल स्टोर्स, न्यू अजय मेडिकल स्टोर्स एवं स्लिमनाबाद स्थित विनायक मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, सागर मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, मनोज मेडिकल स्टोर्स एवं जैन मेडिकल स्टोर्स की जांच की। इसके अलावा सिलौंडी स्थित राय मेडिकल स्टोर्स, आरोग्य ड्रग स्टोर्स एवं सचिन फार्मेसी दुकान बंद पाए जाने पर 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया जाएगा। जांच के दौरान इन सभी मेडिकल स्टोर्स में नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड की जांच की गई। साथ ही रिकॉर्ड दो दिवस में औषधि प्रशासन कार्यालय जिला कटनी में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के नियमानुसार लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी ।

*समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ सभी कार्य करें पूर्ण*

# मुख्यमंत्री के बड़वारा क्षेत्र के दौरे की तैयारियां के लिए सौंपे गए कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज गुरूवार 18 सितंबर को प्रस्तावित बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान कार्यक्रम को सफल और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने आदेश जारी कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम से संबंधित जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर तिवारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने कार्यों को समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें।

### इनको सौपे गए दायित्व

जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को पूरे कार्यक्रम का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे हितग्राहियों को उनके गाँवों से कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षित लाने-ले जाने और उनके लिए भोजन पैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जबकि वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा को हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेटिंग हेतु बांस बल्ली की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की कमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया संभालेंगे। वे हेलीपैड पर कारकेड वाहन, बुलेटप्रूफ वाहन और विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पूरे कार्यक्रम के दौरान सुगम यातायात और पार्किंग की व्यवस्था भी उन्हीं के जिम्मे होगी।

इसी प्रकार आयुक्त नगर निगम हेलीपैड स्थल एवं कार्यक्रम स्थल में फायर ब्रिगेड, चलित शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जबकि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यपालन यंत्री श्रीमती शारदा सिंह को हेलीपैड के पास सेफ हाउस, शौचालय और प्रतीक्षालय बनाने का कार्य सौंपा गया है। इसके अलावा, वह कार्यक्रम स्थल पर मंच, ग्रीन हाउस, वाटर प्रूफ पंडाल और अन्य संरचनाओं का निर्माण भी करवाएंगी।

इसी तरह कार्यक्रम स्थल पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शिविर एवं प्रदर्शनी लगवाने की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर श्री जितेन्द्र पटेल एवं जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह को दी गई है। वहीं कार्यक्रम स्थल में मंच पर निर्धारित स्थान पर अतिथियों की बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता एवं तहसीलदार ढीमरखेड़ा आकांक्षा चौरसिया को मिली है। डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं जिला अपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार हेलीपेड स्थल पर ज्ञापन एवं आवेदन एकत्रित, वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए वी.आई.पी. हेतु रेन कोट एवं छाता की व्यवस्था, ग्रीन रूम, मंच एवं हेलीपेड पर वी.आई.पी के स्वल्पाहार, भोजन तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था संभालेंगे।

### वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, जगह जगह गंदगी



ग्राम पंचायत उमरियापान के वार्ड क्रमांक 20 में न सड़क है, न नाली, और न ही साफ-सफाई की व्यवस्था। चारों ओर गंदगी का अंबार है। हालत बद से बदतर है। वार्ड की गलियों में आज भी लोगों को कीचड़ और कूड़े-कचरे से होकर निकलना पड़ता है। न कोई सीसी रोड है, न पक्की नाली, और न ही जल निकासी की व्यवस्था। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं घरों में गंदा पानी घुस आता है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वार्ड में नालियों की व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी घरों के सामने ही जमा हो जाता है। पानी के ठहराव से मच्छर पनपते हैं, जिससे मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। किसी भी प्रकार की सफाई व्यवस्था नहीं है , न कोई सफाई कर्मचारी आता है, न पंचायत का ध्यान।

# श्रमदान कर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले की समस्त जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों एवं समाज सेवियों द्वारा तालाब,नदियों,जल स्त्रोतों के आसपास, धार्मिक स्थलों, हॉट बाजार, सार्वजनिक शौचालयों आदि की साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता हेतु सामूहिक श्रमदान किया गया। गांव-गांव स्वच्छता रैलियां निकाली जाकर स्वच्छता संदेश और स्वच्छता नारों के द्वारा नागरिकों को जागरूक किए जाने के प्रयास हुए। ग्रामीणों ने स्वच्छता की महत्ता को लेकर संवाद किया और परिचर्चा में शामिल हुए। ग्रामीण जनों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ ली। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, जागरूक नागरिकों, सरपंच, सचिवों , ग्राम रोजगार सहायक और अन्य जन भी मौजूद रहे। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत दशरमन के मढादेवी मंदिर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। आयोजित गतिविधि में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती निधि गोहल और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई श्रमदान के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान 2 अक्टूबर तक, तिथि वार होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी ग्रामीण जनों को दी। इस दौरान तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया, मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, जनपद सदस्य गणेश दत्त गौतम, सहायक यंत्री अजय केशवानी, एसबीएम की

*हिंदी भाषा हमारी संस्कृति, इसके बिना विकास संभव नहीं*

# महाविद्यालय बहोरीबंद में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत हिंदी दिवस के अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद मैं कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ ममिता पटले ने हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि

हिंदी हमारी मातृभाषा है। संस्कृत प्राचीन भाषा है। इससे ही हिंदी की उत्पत्ति हुई। संस्कृत मां और हिंदी उसकी बेटी है, जबकि हिंदी की बहन उर्दू है। हिंदी विशेष रूचिकर है। देश में भले ही अंग्रेजी को ज्यादा महत्व दिया जा रहा हो लेकिन हिंदी के बिना देश का विकास संभव नहीं है। हमारी पहचान मातृभाषा से ही होती है। अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई करने के बाद भी कुछ विद्यार्थी हिंदी में बहुत रुचि रखते हैं। जो रस हिंदी में मिलता है वह रस अंग्रेजी में नहीं मिलता। आज अंग्रेजी हमारी आवश्यकता है लेकिन हिंदी हमारी संस्कृति है। इसलिए संस्कृति के बिना किसी भी व्यक्ति का विकास नहीं हो सकता। हिंदी पढ़ाने में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हमारी समाज आज भौतिकवादी युग की ओर बढ़ रहा है। जिस कारण हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे अंग्रेजी में ही बोले, पढ़े और लिखें। इससे उनके बच्चों का ज्ञान अधूरा हो जाता है न बच्चे अंग्रेजी के हो सकते हैं न हिंदी के हो पाते हैं।

हालांकि हिंदी भाषा को बढ़ावा देने केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा ठोस निर्णय लिए जा रहे है। अब उच्च व उच्चतम न्यायलयों के फैसले भी हिंदी भाषा मे उपलब्ध हो रहे है।एमबीबीएस की पढ़ाई भी हिंदी भाषा मे हो रही है। सरकारी अस्पतालों मैं मरीजो को चिकित्सको के द्वारा हिंदी मैं दवाइयां लिखी जा रही है।

श्रीमती मंजू द्विवेदी ने कहा कि देश मे हिंदी को बढ़ावा देने निरंतर प्रयास किये जा रहे है लेकिन आज भी शिक्षको को हिंदी पढ़ाने मैं चुनोतियाँ का सामना करना पड़ता है।उनका मानना है कि शुरुआती कक्षाओ से विद्यार्थियों को हिंदी पर सही ज्ञान नही मिलता है। आज हर व्यक्ति अंग्रेजी मैं बात कर अपना प्रभुत्व स्थापित कर रहा है।भले ही अंग्रेजी को ज्यादा महत्व दिया जा रहा हो लेकिन हिंदी के बिना देश का विकास संभव नही है।

### स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इसकी जिम्मेदारी सभी की है

# अमीरगंज तालाब में सामूहिक श्रमदान कर दिया गया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ बुधवार प्रातः खजुराहो सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक, पार्षदगण सहित अधिकारियों, समाजसेवी संस्थाओं, स्कूली छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में माधवनगर स्थित अमीरगंज तालाब में सामूहिक श्रमदान के साथ हुआ।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ के अवसर पर लोकसभा खजुराहो सांसद भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, गोविंद चावला, सुमन राजू माखीजा, डॉ रमेश सोनी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, विनोद लाला यादव, निगमायुक्त नीलेश दुबे, एस.डी.एम प्रमोद चतुर्वेदी ,उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, राजकिशोर यादव, विजय डब्बू रजक, रजनी विष्णु केवट, सौरभ अग्रवाल, सुनील उपाध्याय, आशीष गुप्ता, देवानंद आसरानी, मृदुल द्विवेदी, ब्रांड एंबेसडर नीलम जगवानी, निशा तिवारी, आशुतोष मानके एवं उनकी टीम शिकागो पब्लिक स्कूल के छात्र एवं शिक्षक- शिक्षिका सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

जनसमूह की मौजूदगी में स्वच्छता जागरूकता के नारों के साथ सामूहिक श्रमदान कर तालाब के किनारे फैले विभिन्न अपशिष्ट, पन्नियां, पूजन सामग्री, कपड़े, मूर्ति आदि की सफाई की जाकर कैरीबैग में एकत्रित किया गया। सामूहिक श्रमदान के दौरान फावड़े व पंजे के माध्यम से तालाब के किनारे की चोई, गीला कचरा, अपशिष्ट को निकाला गया और कतार बनकर तसले के माध्यम से अपशिष्ट को निगम वाहन में एकत्रित किया गया जाकर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा को संबोधित करते हुए सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान देश के विश्व गुरू बनाने की ओर अग्रसर कर रहा है। स्वच्छता को अपनाने से हम स्वच्छ रहेंगे तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर पाएंगे। स्वच्छता को स्वभाव में अपनाने पर हमारे शरीर के साथ-साथ हमारा मन भी निर्मल होगा। हमारे मन में लोगों के प्रति सद्भाव होगा जिससे हम एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगे। इस दौरान उन्होंने इंदौर शहर की स्वच्छता हेतु नागरिकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले सहयोग की जानकारी से अवगत कराते हुए शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने वाले स्वच्छता दूतों को पुष्पहार से सम्मानित किया जाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम समापन के पूर्व सांसद विष्णुदत्त शर्मा नें उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों, छात्रों गणमान्य नागरिकों को कचरा निर्धारित स्थल पर ही डालनें, यहां वहां गंदगी न फैलानें एवं इस हेतु दूसरों को प्रेरित कर शहर को साफ एवं स्वच्छ रखनें की शपथ दिलाई जाकर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान से जुड़कर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें में अपना सहयोग प्रदान करनें का आग्रह किया।

## नागरिकों में जागरूकता लाने प्रसारित होगा स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही नगर में भी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना एवं नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के तहत आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास तथा बोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा।

### आज से चलेगा अभियान

इसी क्रम में कटनी नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 18 सितंबर को स्वच्छता सेवा

**गीले एवं सूखे कचरे को पृथक कर अभियान में सहयोग देने नागरिकों से अपील**

पखवाडा अभियान के तहत घरों से निकलने वाला गीला एवं सूखे कचरा अलग-अलग दिए जानें हेतु नागरिकों को जागरूक करते हुए कचरा वाहनों के द्वारा माईकिंग आडियो द्वारा संदेश प्रसारित कर प्रेरित किया जायेगा।

### सहयोग की अपील

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सेवा पखवाड़ा अभियान में सहभागिता देते हुए गीले एवं सूखे कचरे को पृथक पृथक डस्टबिन में रखने तथा कचरा संग्रहण वाहनों में पृथक पृथक ही देकर सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

### अमानगंज में विश्वकर्मा जयंती का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया

**अमानगंज।** नगर में विश्वकर्मा जयंती का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रॉयल प्राइवेट आईटीआई सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम आयोजित किए गए। रॉयल प्राइवेट आईटीआई में संस्था के प्राचार्य, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मशीनों, उपकरणों और वाहनों की विधिवत पूजा की गई। नगर के वार्ड नंबर 05 में शंकर बाबा मंदिर एवं विभिन्न कार्यस्थलों, संस्थानों, दुकानों और घरों पर विश्वकर्मा जयंती का उल्लास देखा गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा कर प्रसाद का वितरण किया। नगरवासियों ने इसे मेहनतकश और तकनीकी वर्ग का प्रमुख पर्व बताते हुए आपसी एकता और प्रगति का संदेश दिया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल हुए और भगवान विश्वकर्मा से समृद्धि, प्रगति एवं सुख-शांति की कामना की।

### विद्यार्थी परिषद ने परिणाम नहीं सुधरने पर आन्दोलन की दी चेतावनी

# बीए-बीएससी प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम खराब आने से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के श्री राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय स्नातक महाविद्यालय का बीए एवं बीएसी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का परिणाम अत्यंत खराब आने के कारण छात्र-छात्राओं ने पुनः मूल्यांकन करने विश्वविद्यालय की कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा अन्यथा की स्थिति में पांच दिवस में कार्यवाही नहीं करने पर आन्दोलन करने की चेतावनी दी गई।

दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि शासकीय स्नातक महाविद्यालय हटा में अध्ययनरत वीए प्रथम वर्ष एवं बी.एससी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है. जिसमें अत्यंत चिंताजनक स्थिति उत्पन्न हुई है। संपूर्ण छात्रों का परिणाम शून्य आया है। इसी प्रकार बी.एससी. प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्रों का भी परिणाम शून्य घोषित किया गया है लगभग 95% विद्यार्थियों का परिणाम अत्यंत खराब रहा है, जिससे छात्रों एवं उनके अभिभावकों में गहरी निराशा और आक्रोश व्याप्त है। यह स्थिति स्पष्ट रूप से मूल्यांकन एवं परीक्षा प्रणाली में गंभीर त्रुटि की ओर संकेत करती है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक मेहनत एवं भविष्य दांव पर लग गया है। जिससे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मांग की गई कि उक्त परीक्षाओं की कॉपी पुनर्मूल्यांकन पुनः जांच तत्काल कराई जाए एवं छात्रों को शीघ्र ही संशोधित परिणाम उपलब्ध कराया जाए ताकि उनका शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो एवं भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न हो।

ज्ञापन में चेतावनी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में आवश्यक कार्यवाही नहीं की जाती है तो विद्यार्थी परिषद को बाध्य होकर आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# शिक्षा समिति की बैठक में गूंजा जर्जर भवन, मध्यान्ह भोजन, गणवेश वितरण का मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/बनवार

जनपद पंचायत जबेरा सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा समिति की बैठक में ब्लॉक के स्कूलों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती रश्मि सुजान सिंह ने की। बैठक में प्रमुख मुद्दों के रूप में जर्जर स्कूल भवन, मध्यान्ह भोजन और गणवेश वितरण पर गंभीर चिंता जताई गई। बैठक में यह जानकारी सामने आई कि जबेरा ब्लॉक में 90 स्कूल जर्जर हालत में हैं और 12 स्कूलों में किचन की सुविधा नहीं है। बीआरसी प्रवेंद्र वैद्य ने बताया कि इन कमियों की जानकारी संबंधित मंत्री तक पहुँच चुकी है। मध्यान्ह भोजन की स्थिति पर चर्चा करते हुए बीआरसी ने बताया कि दो माह से सेल्समैन की हड़ताल के कारण कई स्कूलों में भोजन वितरण बाधित है। गणवेश वितरण में भी समस्या बनी हुई है, क्योंकि 530 खातों में राशि बैंक समस्याओं के कारण नहीं जा रही है।

इसके अलावा, पौड़ी मानगढ़ हाई स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि हाई स्कूल की बिल्डिंग उपलब्ध नहीं है। हरिजन बालिका छात्रावास के अधीक्षक ने बताया कि भवन जर्जर हालत में है, जबकि अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के अधीक्षक अभिषेक शर्मा ने कहा कि बिल्डिंग तैयार है, लेकिन विभाग द्वारा हैंडओवर नहीं होने के कारण पुराने रिजेक्ट भवन में ही काम चल रहा है। अध्यक्षा श्रीमती रश्मि सुजान सिंह ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और सुविधाओं की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पटेरा में स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ



**हरिभूमि, दमोह।** नगर परिषद पटेरा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ हुआ। सभी लोगों ने मिलकर चंडी माता मंदिर परिसर, बाजार सहित अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाया। इसके साथ ही,शपथ ग्रहण लिया गया, एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अंगीकार महोत्सव आयोजन में नगर परिषद पटेरा द्वारा विभिन्न आयोजन जिसमें स्वच्छता कार्यक्रम वृक्षारोपण कार्यक्रम गृह प्रवेश कार्यक्रम नवीन स्वीकृत आवासों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया उत्कृष्ट आवास बनाने वाले हितग्राहियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया अंगीकार महोत्सव क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसमें प्रथम पुरस्कार प्राप्त करता को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया प्रधानमंत्री स्वनिधि कैंप पीएम सौर ऊर्जा मुफ्त बिजली योजना कैंप इत्यादि आयोजन कराए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल, हरप्रसाद चौरसिया, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी अमर सिंह लोधी कन्नू बंसल मगन आदिवासी रशीदा बी खान, गनपत कोरी, भरत ताम्रकार, शंकर लाल तंतुवाय एवं उत्तम सिंह लोधी, बलवंत सिंह लोधी, मुन्ना सोनी, संजय पालीवाल आदि उपस्थित रहे। सीएमओ प्रेम सिंह चौहान व कर्मचारियों ने सभी लोगों को स्वच्छता शपथ की दिलाई गई। वाहन से जागरूकता अभियान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाया गया।

# सांदीपनि विद्यालय में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ



**हटा।** नगर के सांदीपनि विधालय में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत लेखन कौशल की प्रतियोगिता आयोजन से हुई जिसमें बच्चों द्वारा विषय पर्यावरण प्रदूषण, जीवन में खेलों का महत्व , वृक्षारोपण, जैसे विषयों पर निबंध लेखन का कार्य किया। इसी कड़ी में कुछ बच्चों ने जिसमें कक्षा 9 वी से आयशा खान, दीक्षा कुसमरिया, संध्या रजक, राधिका सोनी, ऋशभ पटेल, ऋतिक पटेल, ऋषभ सिंह, आभाष सिह, प्रियांश सिंह ने समाचार पत्र लेखन में भाग लिया वहीं कुछ बच्चों ने कविता लेखन में रुचि दिखाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संस्था के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं हिन्दी विषय के विशेषज्ञ केएल तंतुवाय ने बच्चों का मागदर्शन किया ओर बताया कैसे लोग खेल खेल में वैज्ञानिक बन गए उन्होंने बताया कि सफलता व्यक्ति में होती है साधनों में नहीं। इसके बाद संस्था प्राचार्य डा.अशोक अग्रवाल ने भी बच्चों को लेखन कौशल के संबध में बताया इसी के साथ संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका ऋचा चौबे ने कार्यक्रम के अंत में डायरी पेन देकर सेवानिवृत्त प्राचार्य का सम्मान किया। दरअसल शासन की मंशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत सभी विद्यालयों में मनाया जाना है जिसमें प्रतिदिवस अलग अलग गतिविधियों कराई जानी है।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**हटा।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के अगले चरण में बुधवार को दो प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें प्रथम प्रतियोगिता वुड स्ट्रीक क्राफ्ट आयोजित की गई जिसमें 19 प्रतियोगियों ने प्रतिभागिता निभाई, जिसके निर्णायक मंडल में समाज के पांच श्री सुरेश चन्द जी फौजदार एवं श्रीमति अल्पना अमरीश अग्रवाल छेवला वाले रही। द्वितीय प्रतियोगिता 5 डाबुलिया सजाना जिसमें 9 बच्चों ने भाग लिया,जिसके निर्णायक मंडल में श्रीमति नीतू राजेश बीठल, श्रीमती रोशनी गौरव अग्रवाल,श्रीमती प्रीति अनुराग अग्रवाल,श्रीमती मधु प्रशांत फौजदार रही। दोनों ही प्रतियोगिता महिला मिलन समिति के द्वारा आयोजित की गई है प्रतियोगियों के उत्साहवर्धन हेतु अग्रवाल समाज हटा के अध्यक्ष श्री उमेश चन्द बजाज जी पंच एवं सुरेश फौजदार भोले फौजदार संजीव फौजदार रीतेश फौजदार मुकेश अग्रवाल पंप वाले लोकेश अग्रवाल एवं आशीष फौजदार की उपस्थिति रही।

# धार्मिक तंबोला के साथ प्रश्न मंच का आयोजन



**दमोह।** अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद प्रियकारिणी संभाग दमोह के आदिनाथ शाखा द्वारा कांच मंदिर प्रांगण में पर्यूषण पर्व के चलते धार्मिक तंबोला के साथ धार्मिक प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन मंत्री श्रीमती नेहा बजाज, संरक्षिका श्रीमती साधना जैन, संभाग अध्यक्ष श्रीमती ऋतु जैन प्रांतीय संरक्षिका श्रीमती सीमा जैन ,संभाग सचिव श्रीमती ज्योति जैन , प्रांतीय चेयरपर्सन श्रीमती संगीता जैन ,प्रांतीय चेयरपर्सन श्रीमती दीप्ति जैन , प्रांतीय चेयरपर्सन श्रीमती सारिका जैन , जैन मिलन अध्यक्ष श्रीमती कल्पना जैन एवं इंद्राणी शाखा अध्यक्ष श्रीमती रचना जैन, आदिनाथ शाखा अध्यक्ष श्रीमती मनीषा खजरी , सचिव श्रीमती मनीषा जैन , कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति जैन उपस्थिति रही। श्रीमती लवि जैन , श्रीमती अंकिता जैन श्रीमती तोसी जैन, श्रीमती स्वानुभूति जैन द्वारा बहुत ही शानदार मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। आदिनाथ शाखा द्वारा बहुत ही सुंदर-सुंदर उपहार बांटे गए।

# राष्ट्र आराधन के 100 वर्ष पर व्याख्यान का होगा आयोजन

**दमोह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भारत विकास परिषद शाखा दमोह द्वारा व्याख्यान का आयोजन दमोह के शासकीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्मृति पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है गुरुवार शाम 5 बजे इस कार्यक्रम की शुरुआत होगी मुख्य वक्ता के रूप में भारत विकास परिषद के संयुक्त महासचिव मध्य क्षेत्र पूर्णेन्दु जी भट्ट मौजूद रहेंगे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष सुनील जी कोठारी करेंगे भारत विकास परिषद प्रांत सचिव राजीव बिलथरे और दमोह शाखा के अध्यक्ष दीपक सिंघानिया ने जानकारी देते हुए बताया की बिलासपुर छत्तीसगढ़ के जाने-माने वक्ता पूर्णेन्दु जी कुमार भट्ट राष्ट्र आराधन के 100 वर्ष विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे जो छत्तीसगढ़ में भट्ट करियर शेयर व्यवसाय कोचिंग का संचालन करते हैं जिनकी शैक्षणिक योग्यता बीएससी एलएलबी एलएलएम है उनके पढ़ाये विद्यार्थी आज कई प्रशासनिक सेवाओं के महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे रहे हैं, विधि के ज्ञाता होने के साथ अन्य विषयों पर उनकी जबरदस्त पकड़ है वे इस विषय पर अपने विचार इस व्याख्यान माला के दौरान रखेंगे भारत विकास परिषद दमोह शाखा द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उपस्थित की अपील सभी श्रोता जनों से की गई है।

# आनंद मेला में चखा व्यंजनों का स्वाद



**दमोह।** देश और दुनिया के साथ अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा भी महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में विभिन्न समितियां के द्वारा किया जा रहा है जिस क्रम में अग्रवाल तरुण मंच के द्वारा अग्रवाल समाज का एक खास कार्यक्रम आनंद मेला यानी व्यंजन मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में खास बात यह रहती है कि इसमें घर से बने व्यंजनों का विक्रय किया जाता है। व्यंजनों का विक्रय पैसों से नहीं बल्कि कूपन के माध्यम से किया जाता है जिसमें तरह-तरह के व्यंजनों के स्टॉल महिलाओं व युवतियों के द्वारा यहां पर लगाए गए। बाजार से कम कीमत पर उनका विक्रय यहां पर किया गया। व्यंजनों में मुख्य रूप से बुंदेलखंड के इनरसे डोसा बर्गर इटली केक लस्सी पास्ता फुलकी चार्ट बर्गर पिज़्ज़ा सहित अन्य प्रकार की वस्तुओं का विक्रय यहां पर किया गया। कार्यक्रम में 25 प्रतिभागियों ने अपने स्टाल लगाए थे सभी को ड्रा के माध्यम से गिफ्ट प्रदान की गई है। जिनका वितरण अग्रसेन जयंती के दिन किया जाएगा। प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार अग्रवाल तरुण मंच के द्वारा दिए गए हैं। बाकी पुरस्कार अलग-अलग प्रतिष्ठानों के द्वारा दिए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल जन जागरण समिति के अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल युवा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल, तरुण मंच अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महिला महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल, महिला मिलन समिति अध्यक्ष कंचन अग्रवाल, उपाध्यक्ष राज बहादुर, सचिव विजय, सह सचिव जगदीश, कोषाध्यक्ष अनिल कार्यकारिणी, संदीप कार्यकारिण,ी पवन कार्यकारिणी, किशोरी तरुण मंच सदस्यों में मदन अनिमेष सौरभ अग्रवाल दीपक अग्रवाल रम्मा शशांक अग्रवाल अंशुल अग्रवाल रुचिता अग्रवाल नितिन अग्रवाल अंकित अग्रवाल दीपांशु अग्रवाल संकेत अग्रवाल अनुज अग्रवाल प्रथमेश अग्रवाल सरस अग्रवाल अनमोल अग्रवाल सक्षम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुषों की उपस्थिति रही।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर श्रमदान कर किया पौधारोपण

तेंदूखेड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत बुधवार को नगर के मुख्य मार्गो में, चैराहों, बस स्टैंड परिसर, गोरिया घाट पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी भाई सत्येंद्र लोधी शामिल हुए। नगर परिषद के अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला बाल विकास की टीम द्वारा नगर परिषद कार्यालय में अपने वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागृत करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी, सतेंद्र जैन, विपिन घोषी, कमलेश शर्मा, सीएमओ पीयूष अग्रवाल, उपयंत्री भूपेंद्र सिंह के अलावा नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।

# सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता रैली एवं विशाल रक्तदान का हुआ आयोजन



**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रारंभिक दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन दमोह द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। प्राचार्य डॉ आलोक कुमार जैन की प्रेरणा से महाविद्यालय के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित एनसीसी एवं एनएसएस के वॉलिंटियरों ने अधिक संख्या में रक्तदान देकर एक जिम्मेदार नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका को अदा किया एवं इसके पश्चात वॉलिंटियरो द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर से गोद ग्राम तक विशाल जागरूकता रैली निकाली गईए जिसे प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता रैली में 85 से अधिक वॉलिंटियरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वॉलिंटियरों ने गोद ग्राम में पहुंचकर नारेए स्लोगन और स्वच्छता संदेश के साथ ग्रामीण जनों को स्वच्छता और साफ.सफाई के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस जिला संघठक डॉ जितेंद्र कुमार चौधरीए एनसीसी अधिकारी डॉ केण एसण बामनियाए कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंगल सिंह अहिरवार और श्रीमती नाज़नीन बेगम द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में अधिकारी और कर्मचारी सहित महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान किया गया व महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाने में विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावाए गोद गांव में लोगों को जागरूकता का संदेश देने में भी विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# बनवार में भाजपा ने दिखाई स्वच्छता की मिसाल



**बनवार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को बनवार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान भाजपा द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का हिस्सा रहा। अभियान की शुरुआत चंडी माता मंदिर परिसर से हुई, जहां मंडल अध्यक्ष रोहित जैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। इसके बाद बनवार मंडल के सभी 43 बूथों पर सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को संदेश दिया कि "स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा है। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार, मणिशंकर अग्रवाल, राहुल जैन, अमजद खान, मनी शर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुमन उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष दीपक लोधी, मंडल महामंत्री गुड्डू अग्रवाल, मंडल मंत्री संदीप दुबे, मंडल मंत्री धीरज रजक, मंडल मंत्री सचिन गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष राजकुमार सेन, आईटी सेल संयोजक विनोद जैन, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप प्रजापति, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष रामसजीवन लोधी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोजनी रजक, वरिष्ठ कार्यकर्ता कमलेश गुप्ता, राजेश पटेल, प्रदीप शर्मा, अनूप सेन, ललित दुबे, विनोद रजक सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला शिक्षा अधिकारी ने गैसाबाद क्षेत्र का किया भ्रमण

**दमोह।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस में जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने गैसाबाद, मोहरई, वर्धा, कचनारी ग्रामों का भ्रमण कर आरोग्य केंद्रों, ग्राम पंचायत भवन एवं विद्यालय में आयोजित होने वाली गतिविधियों का निरीक्षण किया। ग़ैसाबाद में आरोग्य केंद्र पर महिलाओं की हीमोग्लोबिन बीपी एवं अन्य स्वास्थ्य जांच चलती हुई पाई गई। इसी तरह वर्धा में महिलाओं की जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया। मोहराई डॉक्टर द्वारा कैंप लगाकर जांच की जा रही थी विभिन्न स्कूलों में विकसित भारत के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### बजरिया 1 एवं 7 में पुरानी पाइपलाइन से जल प्रदाय बंद

**दमोह।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक बजरिया वार्ड नंबर एक एवं बजरिया वार्ड नंबर 7 में नवीन पाइपलाइन का विस्तार पहले हो चुका हैं। साथ ही इन वार्डो में जल सप्लाई नवीन पाइपलाइन के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा 20 सितंबर से इन वार्डो में पुरानी पाइपलाइन से जल सप्लाई नहीं की जाएगी। उन्होंने वार्डवासियों से आग्रह करते हुए कहा जिन्होंने भी अभी तक नवीन नल कनेक्शन नहीं करवाया हैं, वह तत्काल ही नगर पालिका में शुल्क जमा कर जल्द से जल्द अपना जल कनेक्शन प्राप्त करें एवं भविष्य में होने वाली असुविधाओं से बचें।

### मध्यप्रदेश साहित्योत्सव में शामिल होंगे शिक्षक भूपेंद्र जैन

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन ,संस्कृति विभाग ,साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश साहित्योत्सव के अंतर्गत युवा रचना धर्मी कुंभ का आयोजन 15 सितंबर 2025 को रविन्द्र भवन भोपाल में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला संचालक संस्कृति एन पी नामदेव जी की उपस्थिति में होगा। दमोह के शिक्षक भूपेंद्र जैन को साहित्य जगत को राष्टीय और सांस्कृतिक चेतना से युक्त रचनाओं के योगदान हेतु एक दिवसीय युवा रचना धर्मी कुंभ में रचना पाठ हेतु आमंत्रित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर सभी शिक्षक साथियों सामाजिक संस्थाओं ने हर्ष प्रकट किया। श्री जैन द्वारा साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे सहित समस्त साहित्य अकादमी का आभार व्यक्त किया।



## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ, हुये विविध आयोजन

# वृहद रक्तदान शिविर में 200 यूनिट ब्लड एकत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त भारत, समृद्ध भारत, गौरवशाली भारत, वैभवशाली भारत की ओर बढ़ चुका हैं। जिस प्रकार प्रधानमंत्री जी ने देशसेवा व राष्ट्रसेवा के कार्य किये है और 2047 तक भारत विश्व गुरू बने, सबसे ताकतवर देश बने इस विजन को लेकर लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी युग-पुरूष बनकर उभरे हैं, उनके बारे में कोई बात करना सूर्य को दीपक दिखाने के समान हैं, उनके जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा हैं। मैं उनके जन्मदिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ, उनके दीर्घायु, शतायु होने की कामना करता हूँ, वह ऐसे ही देश, समाज व राष्ट्र की सेवा करते रहे हम सबका मार्गदर्शन करते रहे। इस आशय कि विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्थानीय पीएम श्री ज्ञानचंद श्रीवास्तव महाविद्यालय में वृहद रक्तदान शिविर, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में व्यक्त किये। इस मौके पर धार से प्रसारित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं प्रदशे के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के उद्बेधन को देखा व सुना गया ।कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण से किया गया।इस मौके पर प्रदेश के पशुपालन राज्यमंत्री श्री लखन पटैल, सांसद राहुल सिंह, दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर मिशा सिंह, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे मंचासीन थे। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने भी अपनी बात रखी। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज जीएसटी में बहुत बड़ा रिफार्म हुआ हैं, जीएसटी की दरों में परिवर्तन किया गया। आने वाले 22 सितम्बर तक जीएसटी लागू हो जायेगी। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर गरीब कल्याण के लिए संकल्पित हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा प्रधानमंत्री जी ने हम महिलाओं के बारे में सोचा, आज तक किसी नेता ने महिलाओं के बारे में नही सोचा। लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना और स्व-सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के हाथ मजबूत किये हैं, यहां तक कि अब राजनीति में भी महिलायें बढ़-चढकर हिस्सा ले रही हैं, 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा प्रत्येक गरीब व्यक्ति तक घर की छत, हर-घर जल, हर-घर बिजली आदि योजनाए सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके अठ्या ने बताया सेवा पखवाड़ा अंतर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने के लिए जिले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला अस्पताल, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिले के 178 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में महिलाओं को समर्पित स्वास्थ्य सेवाओं के शिविर लगाए जाएंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया जाये। रक्तदान शिविर में सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनसीसी छात्रों, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी ने रकतदान किया। संचालन विपिन चौबे और आभार कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने व्यक्त किया।

## घंटाघर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले में ‘स्वच्छता पखवाड़ा’ (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) की शुरुआत बड़े उत्साह के साथ की गई। पखवाड़ा अंतर्गत दमोह नगर के घंटाघर क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन एवं सफाई मित्रों ने सहभागिता की।स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

### रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया



स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का मुख्य आकर्षण युवा थीम पर आयोजित रक्तदान शिविर रहा। शिविर स्थल का अवलोकन संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया जी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने किया व रक्तदाताओं से चर्चा भी की। शिविर में पी.जी. कॉलेज में 150 यूनिट व एकलव्य विश्वविद्यालय में 50 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

### स्वामित्व योजना के कार्यों में लापरवाही पर बटियागढ़ के पांच पटवारी को नोटिस

**दमोह।** केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वामित्व योजना के अंतर्गत कार्यपूर्ण न करने एवं लगातार लापरवाही बरतने के आरोप में बटियागढ़ तहसील के 5 पटवारियो को अपर कलेक्टर मीना मसराम द्वारा नोटिस जारी करते हुए दो दिवस में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख श्रीमती वर्षा दुबे ने बताया कि बटियागढ़ तहसील के पटवारी हल्का मंगोला, खडेरी, मगरोन, निबोरा कलॉ, शहजादपुरा पटवारी द्वारा स्वामित्व योजना का कार्य लगातार निर्देशित करने के उपरांत भी पूर्ण नहीं कराया जा रहा है। इससे मामले में प्रगति नहीं हो पा रही है। श्रीमती दुबे ने बताया कि बटियागढ़ तहसील के पटवारी हल्का मंगोला में 250 प्लाट के विरुद्ध मात्र 49 प्लाट का सर्वे किया गया है। जबकि अभी 201 प्लांट शेष रह गए हैं। इसी प्रकार पटवारी हल्का खडेरी में 1372 प्लांट के विरुद्ध 149 प्लाटों का सर्वे किया गया जबकि 1223 प्लांट अभी भी शेष रह गए हैं। पटवारी हल्का मगरोंन में 974 प्लांट के विरुद्ध 471 प्लाटों का सर्वे किया गया जबकि 503 प्लांट अभी भी शेष रह गए हैं। पटवारी हल्का निबोरा कला में 375 प्लांट के विरुद्ध एक भी प्लाट का सर्वे नही किया गया अभी भी 375 ही प्लांट भी शेष हैं।वही पटवारी हल्का शहजादपुरा में 278 प्लांट के विरुद्ध 139 प्लाटों का सर्वे किया गया जबकि 137 प्लांट अभी भी शेष रह गए हैं। इन सभी पटवारी से दो दिवस में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## बीमारी के चलते कोटवार ने लगाई फांसी

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटखेड़ा में बीमारी के चलते कोटवार ने घर के पास जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रतन बसोर उम्र 55 वर्ष निवासी कोटखेड़ा थाना तारादेही है जो कि कुछ सालों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था और जिसका इलाज भी चल रहा था। लेकिन मंगलवार को कोटवार ने जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा भेजा गया जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## 18 जुआरियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही



**दमोह।** कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ फड़ पर दबिश देकर 18 जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत की कार्यवाही की गई। पुलिसे से प्राप्त जानकारी के पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को जुआ की धरपकड किये जाने हेतु निर्देशित किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में दिनाँक 16.09.2025 की रात्रि में मुखबिर सूचना के आधार पर कच्चा सिंधी कैप में दिनेश रावीर के कैंट हाउस के सामने रेड कार्यवाही कर 18 आरोपियो के पास एवं फड़ से नगद रुपये 13 मोबाइल एप तास के पत्ते कुल मशरुका 170000/- रुपये का जया किया गया। आरोपियो को विरूद्ध धारा 13 जुमा एक्ट के तहत 02 प्रकरण अपनाथ क्र 719/2025 एवं 720/2025 पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही करने वालों में थाना प्रभारी निरी, मनीष कुमार, सउनि अलजार सिंह, प्रआर अभिषेक चौबे, प्रआर देवेन्द्र रैकवार, प्रआर, महेश वाचन, प्र.आर कलीम खान, प्रभार अजीत दुबे, आर नरेन्द्र पटेरिया, आर. कृष्णकांत व्यास, आर विष्णु, आप, आयुष मिश्रा आर. राजकुमार ठाकुर, आर, भूपेन्द्र दांगी, आर, नवल किशोर यादव, आर. शुगन पचौरी, आर. दरबारी आर. प्रदीप चौधरी, आर. रवि गौतम का सहयोग रहा।

### मृत मरीजों के लिए मुफ्त वाहन सुविधा

**दमोह।** सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल ने बताया जिला अस्पताल दमोह में उपचार के दौरान असमय मृत्यु होने की स्थिति में दिवंगत मरीजों के पार्थिव शरीर को उनके घर तक पहुँचाने हेतु शासन द्वारा दो निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल ने कहा यह सेवा मरीजों के परिजनों की सुविधा और सहायता के लिए प्रारंभ की गई हैं। उन्होंने कहा इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए परिजन दिए गए हेल्पलाइन नंबर 07552-440502 तथा 6269907250 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सही पोषण और स्वस्थ जीवन कार्यशाला का आयोजन

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में 17 सितम्बर को राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. पी. चौधरी के निर्देशन में किया गया। जिसका विषय सही पोषण और स्वस्थ जीवन था। कार्यशाला का प्रारम्भ सरस्वती पूजन एवं प्राचार्य जी के उद्बोधन के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. इरफान खान सहा. प्राध्यापक ने पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी छात्राओं को प्रदान की।वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन. पी. नायक ने पोषण के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। डॉ. असलम खान सहा. प्राध्यापक ने कार्यक्रम का प्रयोजन बताया। मंच का संचालन डॉ. राजू प्रसाद अहिरवार सह. प्राध्यापक ने किया। कार्यशाला की संयोजक डॉ. आराधना श्रीवास रही। सह संयोजक डॉ. राधा ताम्रकार एवं आयोजन सचिव डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह कुसमारिया रहे। कार्यशाला में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रेखा जैन , डॉ. अवधेश जैन, डॉ. मालती नायक समस्त अतिथि विद्वान एवं अधिक से अधिक छात्राओं की उपस्थिती रही।



## सिंग्रामपुर में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**सिंग्रामपुर।** वास्तु और शिल्प कला के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती मोके पर विशेष पूजा पाठ हुआ घरों के साथ-साथ गेराजिओ और फैक्ट्री में भगवान विश्वकर्मा की आराधना की गई। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से नई ऊर्जा मिलने के साथ ही कामकाज में आने वाली अड़चने दूर हो जाते हैं। माना जाता है कि इस दिन विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से रोजगार और बिजनेस में तरक्की मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को देवताओं का शिल्पी कहा जाता है वे निर्माण एवं सृजन के देवता हैं जिनको प्रसन्न करने के लिए भगवान विश्वकर्मा जयंती में सुबह शाम तक विविध धार्मिक आयोजन किए गए। जिसमें विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा के भव्य शोभायात्रा निकाली गई मंदिरों में हवन पूजन के कार्यक्रम हुए जिसके तत्पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। विशेष आकर्षण का केंद्र ही भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा जिसके चलते शोभायात्रा का शुभारंभ नगर की प्रमुख मार्गो से किया गया। शोभा यात्रा के आगे आगे आगे गाजे बाजे के साथ युवाओ की टोलियां भक्ति गीतों की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे। वहीं महिला पुरुष श्रद्धालु शोभा यात्रा के पीछे-पीछे भगवान विश्वकर्मा की जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रही थी। भगवान विश्वकर्मा की विग्रह झांकी एक रथ में विराजमान होकर चल रहे थे। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत बंधन अभिनंदन किया जा रहा था शोभायात्रा में भक्तों का भक्ति उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज सहित सभी वर्ग के लोग शामिल रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन विशेष संयोग रहा।



## नरसिंहगढ़ सीमेंट फैक्ट्री में मनाई विश्वकर्मा जयंती



**नरसिंहगढ़।** बुधवार को पूरे देश के साथ साथ दमोह जिले की इकलौती सीमेंट फैक्ट्री मायसेम सीमेंट में भी भगवान विश्वकर्मा जी की हवन पूजन करके विश्वकर्मा जयंती का पर्व मनाया गया। फैक्ट्री के द्वारा मुख्य पूजा मेंटिनेंस वर्कशॉप में की गई। इसके अलावा फैक्ट्री के अलग अलग विभागों प्रोडक्शन इंस्ट्रूमेंट इलेक्ट्रिकल में भी विश्वकर्मा भगवान की पूजा की गई। जिसमें फैक्ट्री प्रबंधन के समस्त अधिकारी कर्मचारियों की विशेष मौजूदगी रही जिसमें प्लांट हेड सुरेश दुबे ,एस के नेमा,,इंद्रमणि शर्मा,आलोक तिवारी, एचआर हेड,विकास तिवारी, प्लांट कर्मचारी वर्कर, की मौजूदगी रही। भगवान विश्वकर्मा जी को इस सृष्टि का रचयिता माना गया है। जिसको हर वर्ष 17 सितंबर को जयंती के रूप में मनाया जाता है।

## चंद्रकांत सोनवलकर स्मृति समारोह 20 सितम्बर को

**दमोह।** विधि, कला एवं सामाजिक क्षेत्र के बहुआयामी व्यक्तित्व स्व. चंद्रकांत सोनवलकर (एडव्होकेट) की पुण्यतिथि पर, स्मृति समारोह आयोजित है। आगामी 20 सितम्बर 2025 को म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) समारोह का शुभारम्भ करेंगे। कार्यक्रम में लखन पटेल राज्य मंत्री, पशुपालन एवं डेयरी (स्वतंत्र प्रभार) म.प्र. शासन भोपाल, जयंत मलैया विधायक दमोह विधानसभा, विवेक शेण्ड्ये अध्यक्ष विद्या भारती मध्य क्षेत्र की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में विषय- ''राष्ट्र निर्माण में नागरिक कर्तव्य'' पर अतिथि वक्ता एवं पर्यावरणविद् मोहन नागर का वक्तव्य, प्रमुख आकर्षण होगा। जिले के प्रभावी प्रतिभाओं को चंद्रकांत सेवा सम्मान-25 प्रदान किया जावेगा आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में है। आयोजन समिति की ओर से डॉ. कीर्तिकाम दुबे, संजय पलनीटकर, प्रदीप अग्रवाल, राजीव अयाची, सुशील, नामदेव, अरुण व्यास, आदित्य चौरसिया, मोहन राय, कमलेश सेन, डॉ. आलोक सोनवलकर ने प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## तीस बरसों से प्रभारी प्राचार्य के भरोसे गैसाबाद हाई स्कूल

गैसाबाद। इसे कर्मचारियों की संख्या में कमी कहे या शिक्षा विभाग के मेजरमेंट की त्रुटि, कि पिछले 30 वर्षों से लगातार गैसाबाद संकुल केंद्र प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित हो रहा है। फुल फ्रेश प्राचार्य नहीं होने से संकुल के कार्य प्रभावित होते हैं, पिछले 30 वर्षों से ग्राम के हाई स्कूल को प्राचार्य की दरकार है। लेकिन शिक्षा विभाग की उदासीनता के चलते संकुल को फुल फ्रेश प्राचार्य नहीं मिल पा रहा है, जबकि गैसाबाद संकुल केंद्र से आसपास के दर्जनो गांव के स्कूल जुड़े हुए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम के हाई स्कूल में 1 दिसंबर 1995 को पूरनलाल सोनी ने प्रथम प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उनके स्थानांतरण के बाद तब से लेकर आज तक यह स्कूल प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित हो रहा है। अभी तक लगभग 17 प्राचार्य ग्राम के हाई स्कूल में कार्यरत रह चुके हैं। जिसमें मोतीलाल पारेता और श्रीमती सुषमा लाजरत के अलावा जितने भी प्राचार्य आए सभी प्रभारी प्राचार्य रहे हैं। कभी-कभी तो संविदा शिक्षक को भी प्राचार्य का प्रभार सोपा जा चुका है, फुल फ्रेश प्राचार्य नहीं होने के कारण स्कूलो के शिक्षण कार्य प्रभावित होते हैं। संकुल के कुछ ऐसे स्कूल भी हैं जहां पर कुछ शिक्षक 10 से 15 बरसों से लगातार एक ही स्थान पर जमे हुए हैं जिसका ताजा उदाहरण ग्राम की कन्या शाला स्कूल का देखा जा सकता है। इसी तरह कुछ अन्य शिक्षक भी ग्राम गैसाबाद के आसपास के स्कूलों में लगभग 25 वर्षों से कार्यरत है जो राजनीतिक सेटिंग करके आसपास के स्कूलों में इधर से उधर होते रहते हैं। ग्रामीण जनो ने ग्राम के संकुल केंद्र में व्याप्त अनीमिकतो में सुधार किए जाने एवं शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चलाऐ जाने हेतु, संकुल केंद्र में फुल फ्रेश प्राचार्य को पदस्थ किए जाने की मांग की है, इस मामले पर जब जिला शिक्षा अधिकारी से प्रतिक्रिया लेनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## सहकारी समिति कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**एक सप्ताह से सोसायटी में डले ताले**

**हटा।** अपनी लंबित मांगों को लेकर सभी सहकारी और शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के कर्मचारी विगत 8 सितंबर से मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के आह्वान पर अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल से हटा सहित आसपास क्षेत्र में भी कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर गए कर्मचारियों की मुख्य मांगों में तीन साल से लंबित पदोन्नति आदेशों को लागू करना, 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन करना और बकाया वेतन भुगतान शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों पर सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हड़ताल पर गए कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, यह हड़ताल जारी रहेगी। इस हड़ताल के कारण बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, विपणन समिति, उपभोक्ता भंडार और स्व-सहायता समूहों का काम पूरी तरह से ठप्प हो गया है। इससे किसानों को खाद बीज मिलने में दिक्कत हो रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण भी प्रभावित हो रहा है। दस दिनों से सोसाइटी में ताले डाले हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार के उदासीन रवैये के कारण उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

**कार्यालय नगर परिषद पटेरा जिला - दमोह (म. प्र.)**

क्रमांक/न.पा./ लो.नि./2025/1359 **निविदा आमंत्रण सूचना** पटेरा दिनांक 15/09/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _450497_1 16/09/2025 | वार्ड कं. 02 में लट्टू अहिरवार से इरफान की दुकान तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य। | 1- 03 माह 2- 5.68 लाख | 1- 2000.00 2- 5700.00 | 04/10/2025 |
| 2 | 2025_UAD _452020_1 16/09/2025 | वार्ड कं. 12 में परसू के मकान से विक्रम के मकान तक सी. सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 1- 03 माह 2- 6.54 लाख | 1- 2000.00 2- 6600.00 | 04/10/2025 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा, जिला - दमोह म.प्र.